<u>समाचार</u>

21 अप्रैल को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 20 अप्रैल 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट गुरूवार 21 अप्रैल को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 21 अप्रैल गुरूवार को वार्ड क्र. 07 मोतीसागरपारा पार्षद घर के पास, वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार सामुदायिक भवन बांसबाडी, वार्ड क्र. 37 डुग्गूपारा रामबाई घर के पास स्टेज, वार्ड क्र. 40 परसाभांठा नं.–1 नेहरूनगर पार्षद घर के पास स्टेज, वार्ड क्र. 48 इंदिरानगर सुमेधा आशिष अग्रवाल घर के पास सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 59 विकासनगर बाजार सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 67 गजरा–2 आंगनबाड़ी स्टेज के पास कैम्प लगाए जाएंगे।